दिनांक 11.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के चयनित 91 वरिष्ठ नागरिको को बोध,गया,नालंदा तीर्थ हेतु निगम मुख्य कार्यालय सुपेला से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए पुजा अर्चना के बाद जयधोष के साथ रवाना किया गया ।

छ.ग. शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के अन्तर्गत निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डो के वरिष्ठ नागरिको द्वारा शासन द्वारा प्रस्तावित यात्रा 11 जून से 15 जून बोध गया नालंदा के लिए आवेदन प्रस्तुत किये थे जिसका जिला चयन समिति द्वारा चयन किये गये 91 यात्रियों को सोमवार प्रातः 8 बजे निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में एकत्र कर उपस्थिति दर्ज कर योजना के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान बरते जाने वाली सावधारियों की जानकारी देकर पूजा अर्चना के पश्चात जयघोष के साथ वाहन प्रभारी दुर्योधन साहू एवं गणित राम बघेल के साथ जिला समाज कल्याण विभाग दुर्ग हेतु रवाना किया गया जहा यात्रियों की अन्य कार्यालयीन औचारिकताएँ पूरी करने के पश्चात दुर्ग रेल्वे स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना किया गया ।

जन सम्पर्क विभाग